an>

Title: Need to take measures to combat extreme cold in Northern-India.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): उपाध्यक्ष महोदय, मैं उत्तर भारत में इस समय जो अत्यंत भीषण ठंढ़ पड़ रही है, कोहरे के कारण देश की राजधानी दिल्ली सहित उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और सम्पूर्ण उत्तर भारत में परिस्थिति यह पैदा हो गयी है कि इटावा रेलवे स्टेशन पर ठंढ़ से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। सारी रात उसकी लाश लावारिस पड़ी रही। क्या शासन और प्रशासन की ऐसी संवेदनशून्यता होगी? ठंढ़ शुरू होने के बाद यह डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स ऑफ स्टेट पॉलिसी के तहत है कि चौराहों पर अलाव जलाए जाएं। स्टेशन पर, बस स्टेशनों पर रैन बसेरा बनाए जाएं। वहां कम्बल वितरित किए जाएं। आज राजधानी दिल्ली में, या उत्तर प्रदेश के इटावा में या पूर्वांचल के सिद्धार्थ नगर में ट्रेनें रद्द हो रही हैं। लखनऊ से उड़ानें रद्द हो रही हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूं कि उत्तर भारत में पड़ रही ठंढ़ को देखते हुए प्रशासन जगह-जगह सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाए और कम्बल का वितरण करे।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra,

Shri Sharad Tripathi,

Dr. Manoj Rajoria,

Kunwar Pushpendra Singh Chandel and

Shri Keshav Prasad Maurya are permitted to associate with the issue raised by Shri Jagdambika Pal.